प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.01.2026 ⁄ प्रादेशिक समाचार ⁄ 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने सोलन जिले के कंडाघाट में दिव्यांगजन शिक्षा उत्कृष्टता केंद्र का किया शिलान्यास– 2 सौ करोड़ रूपए से होगा निर्माण।
- मंदिरों के धन के उपयोग के संबंध में राज्य सरकार उच्च न्यायालय में दायर करेगी पुनर्विचार याचिका।
- धर्मशाला में छात्रा की मौत के मामले में आरोपी प्रोफेसर निलंबित–सरकार ने मामले की निष्पक्ष जांच का दिया आश्वासन।
- भाजपा ने बीपीएल सूचियों से नाम काटे जाने की प्रक्रिया को गरीब लोगों के साथ साजिश दिया करार।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के कंडाघाट में आज दिव्यांगजन शिक्षा उत्कृष्टता केंद्र की आधारशिला रखी। इस केंद्र के निर्माण पर 2 सौ करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के साथ–साथ दिव्यांगजनो के लिए भी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस उत्कृष्टता केंद्र में 27 वर्ष तक की आयु के दिव्यांगजनों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये संस्थान दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा व कौशल विकास से जुड़े पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये केंद्र दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए प्रदेश में अपनी तरह का पहला केंद्र है और ये देशभर के लिए मॉडल बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के तहत करीब 15 करोड़ रूपए की लागत से महिलाओं के लिए कामकाजी छात्रावास का निर्माण भी किया जाएगा।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कंडाघाट में दिव्यांगजन उत्कृष्टता शिक्षा केंद्र के शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये केंद्र दिव्यांगजनों के भविष्य को

सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण साबित होगा। धनीराम शांडिल ने सोलन के कथेड़ में बन रहे अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों और ठेकेदार को अस्पताल का कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

जल विद्युत

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज शिमला में विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं के डवेलपर्स के साथ बैठक कर भू–राजस्व के विशेष मूल्यांकन को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल विद्युत परियोजना डवेलपर्स की समस्याओं का सार्थक समाधान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हिमाचल ने केंद्र और पड़ोसी राज्यों से अपना हक लेने के लिए मज़बूती से पक्ष रखा है। इसके अलावा बी.बी.एम.बी परियोजनाओं में प्रदेश को स्थायी सदस्यता देने और वर्ष 1966 से 2011 तक के एरियर के करीब साढ़े 6 हज़ार करोड़ रूपए जल्द जारी करने की मांग की गई है।

उपमुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना जिले में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के बेहड़ जस्वां में चार करोड़ 15 लाख रूपए से बनी उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। इस योजना से क्षेत्र के करीब सात गांवों के लोगों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि ऊना जिले में पेयजल, सिंचाई और तटीकरण के करीब एक हज़ार करोड़ रूपए के कार्य प्रगति पर है। प्रदेश के मंदिरों के धन के उपयोग को लेकर उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक के संबंध में अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार इस मामले में पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। उन्होंने कहा कि अदालत को ये स्पष्ट किया जाएगा कि मंदिरों से प्राप्त धन का उपयोग गरीबों की शिक्षा, उपचार और ग्रामीण विकास जैसे जनकल्याणकारी कार्यों के लिए किया जाता है और इसी दृष्टि से पुनर्विचार याचिका दायर की जाएगी।

धर्मशाला मामला

धर्मशाला स्थित राजकीय महाविद्यालय की पूर्व छात्रा की मौत के मामले में आरोपी प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि घटना की आगामी जांच की जाएगी और संलिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ऑन धर्मशाला मामला––

इस बीच विश्वविद्यालय अनुदान आयोग –यू.जी.सी. ने धर्मशाला में हुई घटना का कड़ा संज्ञान लिया है। यू.जी.सी. ने इसके लिए एक तथ्य–जांच समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में यू.जी.सी. ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यू.जी.सी. ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

हिमफेस्ट

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर एम.एस.एम.ई. फेस्ट आज से शुरू हो गया है जो 5 जनवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसका शुभारंभ किया। इस फेस्ट के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और कारिगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। इस फेस्ट में हस्तनिर्मित चार हज़ार हिमाचली शॉलें प्रदर्शित की गई है और ये उपलब्धि गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता और बाज़ार तक इनकी पहुंच बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रही है ताकि युवाओं और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य में बीपीएल सूचियों से नाम काटे जाने की प्रक्रिया को गरीबों को योजनाओं से बाहर करने की साजिश बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि बीपीएल चयन के लिए नए नियम बनाकर बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया के आनन–फानन में सूचियों से नाम काटे जा रहे हैं। बिंदल ने कहा कि कुछ जिलों में कल जो बीपीएल सूचियां प्रकाशित हुई हैं उनमें करीब 90 प्रतिशत तक पुराने बीपीएल परिवारों के नाम गायब कर दिए गए हैं। उन्होंने तथ्यों सहित प्रभावित गरीब परिवारों के नाम भी सार्वजनिक किए हैं।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रदेश में अपराध की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है। एक बयान में उन्होंने कहा कि शांत प्रदेश हिमाचल आज कांग्रेस सरकार की नाकामी और विफल नीतियों के कारण अपराध व अप्रिय घटनाओं का दंश झेल रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है और खासतौर पर लचर कानून व्यवस्था से अपराधियों के हौंसले बुलंद है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में माफियाओं के हौंसले बुलंद है और जनता में डर का माहौल है।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को उनकी नियुक्ति के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत हाईकमान ने जिन पदाधिकारियों पर भरोसा जताया है वह केवल एक दायित्व नहीं बल्कि उन्हें संगठन को मजबूत करने का एक अवसर भी है। विनय कुमार ने कहा कि जल्द ही जिला कार्यकारिणियों, ब्लॉक अध्यक्षों और ब्लॉक कार्यकारिणियों की भी घोषणा की जाएगी।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र की सभी पंचायतों को सशक्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। वे आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की बढ़ई पंचायत में एक करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से बने पंचायत सामुदायिक भवन के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से उपर उठकर प्रदेश में विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

युवा उत्सव

युवा सेवाएं व खेल विभाग द्वारा बिलासपुर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव आज संपन्न हो गया। इस उत्सव की लोक नृत्य स्पर्धा में शिमला जबकि लोक गायन में कांगड़ा जिला पहले स्थान पर रहा। समापन समारोह में आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि युवा उत्सव प्रदेश के युवाओं को केवल सांस्कृतिक मंच प्रदान करने तक ही सीमित नहीं है बल्कि ये उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का एक मजबूत आधार भी तैयार करता है।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रशिक्षणार्थियों से तकनीकी बदलावों के साथ खुद को अपग्रेड करने का आह्वान किया है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर में आज जल रक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित करने के अवसर पर उन्होंने कहा कि सही मायनों में व्यक्ति की तरक्की से ही प्रदेश और देश आगे बढ़ता है। धर्माणी ने कहा कि वर्तमान दौर में ए.आई. के बढ़ते प्रभाव से अनेक तकनीकी पाठ्यक्रमों में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

जनगणना

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने आज शिमला में वर्चुअल माध्यम से जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीप शिखा शर्मा ने जनगणना–2027 के लिए डिजिटल रोड़मैप और संचालन ढांचे के संबंध में रूपरेखा पेश की। बैठक के दौरान विभागों ने जनगणना के सुचारू संचालन के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग देने का आश्वासन दिया।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री ने सोलन जिले के कंडाघाट में दिव्यांगजन शिक्षा उत्कृष्टता केंद्र का किया शिलान्यास– 2 सौ करोड़ रूपए से होगा निर्माण।
- मंदिरों के धन के उपयोग के संबंध में राज्य सरकार उच्च न्यायालय में दायर करेगी पुनर्विचार याचिका।

- धर्मशाला में छात्रा की मौत के मामले में आरोपी प्रोफेसर निलंबित–सरकार ने मामले की निष्पक्ष जांच का दिया आश्वासन।
- भाजपा ने बीपीएल सूचियों से नाम काटे जाने की प्रक्रिया को गरीब लोगों के साथ साजिश दिया करार।